

ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद ही तय किया जाएगा कि बुमराह की जगह कौन लेगा। टीम मैनेजमेंट अनुभवी नाम को लेने पर विचार कर रहा है जिससे शमी का दावा मजूबत - रोहित शर्मा

भारतीय कप्तान ने टी-20 विश्वकप से बाहर हुए बुमराह के रिप्लेसमेंट पर कहा।




आज का खिलाड़ी

**शोएब मलिक**



**पाकिस्तान** के हरफनमौला खिलाड़ी शोएब मलिक ने ऑस्ट्रेलिया में आगामी टी20 विश्व कप 2022 के लिए राष्ट्रीय टीम से बाहर होने पर निराशा जाहिर की है। उन्होंने यह भी कहा कि वह तभी खेलेंगे जब कप्तान बाबर आजम चाहेंगे। क्रिकेट पाकिस्तान के यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए मलिक ने खुलासा किया कि बाबर से जरूर बात होती है। वर्ल्ड कप में भी यही बात हुई थी। बाबर ने मुझसे पूछा था कि कि आप रिटायरमेंट लेना चाहते हैं या और खेलना चाहते हैं। आप क्या सोच रहे हैं। तो मैंने सीधा सा बाबर को बोला था।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट में लगातार चार साल तक 1000 रन बनाने का रिकार्ड मैथ्यू हैडन के नाम है। उन्होंने 2001 से 2004 तक लगातार चार बार 1000 या अधिक रन बनाए।

# डेथ ओवरों में योजनाएं बेहतर तरीके से लागू करने की आवश्यकता : द्रविड़

## द्रविड़ ने गेंदबाजों का बचाव करते हुए कहा कि 'सपाट विकेटों' पर गेंदबाजी करना आसान नहीं

इंदौर, 5 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि टीम को डेथ ओवरों में सुधार करने के लिये अपनी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करना होगा। भारतीय गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 शृंखला में लगातार दूसरी बार 200 से अधिक रन दिये। डेथ ओवरों में भारत की गेंदबाजी एक बार फिर विस्मरणीय रही और प्रोटियाज ने अंतिम पांच ओवरों में 73 रन जोड़ते हुए 20 ओवर में 227 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। द्रविड़ ने अपने गेंदबाजों का बचाव करते हुए कहा कि ''सपाट विकेटों'' पर गेंदबाजी करना आसान नहीं है और भारत के खिलाफ खेलने वाली टीमों को भी इस समस्या का सामना करना पड़ा था।



द्रविड़ ने यहां मंगलवार को मैच के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जाहिर है, आप (खेल के) सभी विभागों में बेहतर करने की कोशिश करते हैं। निश्चित रूप से डेथ बॉलिंग में भी, लेकिन अगर आप निष्पक्ष होकर देखें तो यह बहुत सपाट विकेट हैं। यहां अंतिम ओवरों में गेंदबाजी करना आसान नहीं है। केवल हमारी टीम के लिए नहीं, बल्कि दूसरी टीम के लिए भी। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ऐसी टीमें हैं जिनके गेंदबाजी आक्रमण के पास बहुत अनुभव है, और उन्होंने भी अंतिम ओवरों में संघर्ष किया है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन हां, मुझे लगता है कि हमें उन्हें नहीं खुद को देखना होगा। हमें यह देखना होगा कि हम कैसे सुधार कर सकते हैं और बेहतर हो सकते हैं।

यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हम निश्चित रूप से सुधार करना पसंद करेंगे। हम जानते हैं कि जब आप इन बड़े टूर्नामेंटों को खेलते हैं, तो गलती की गुंजाइश बहुत कम होती है। हर रन, बाउंड्री मायने रखती है। अगर हम उन्हें खेल के किसी भी चरण में रोक सकते हैं, तो यह निश्चित रूप से एक अंतर बनायेगा।' कोच द्रविड़ ने मध्यम गति के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल की खराब फॉर्म पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि गेंदबाजों को टीम की योजनाओं को बेहतर ढ ंग से क्रियान्वित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से, वह अकेले नहीं हैं। कुल मिलाकर डेथ (ओवरों) में सभी को सुधार करने की आवश्यकता है। कभी-कभी हमारे पास कुछ अच्छी योजनाएं और रणनीतियां होती हैं लेकिन इसका बहुत हद तक निष्पादन नहीं हो पाता। इसलिए, मैं हर्षल को व्यक्तिगत रूप से बाहर नहीं करूंगा। हमें एक समूह के रूप में बेहतर करने की जरूरत है।'

चोट से लौटने के बाद हर्षल विकेट लेने और रनों को रोकने में विफल रहे हैं। हरियाणा के इस खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों में सिर्फ एक विकेट लिया, जबकि 8 ओवर में 99 रन दिए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने पहले मैच में 26 रन के बदले दो विकेट लेकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन अगले दो मैचों में आठ ओवर में बिना विकेट चटकाये 89 रन दिए।

द्रविड़ ने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा कि यह एक चिंता का विषय है। मैंने पहले भी इस सवाल का जवाब दिया है। वह ऐसा व्यक्ति रहा है जिसने पिछले कुछ वर्षों में अच्छी गेंदबाजी की है। वह खेल से डेढ़ महीने दूर रहकर वापस आ रहा है। छह सप्ताह तक नहीं खेलने के बाद गेंदबाजी करना आसान नहीं है। हम उसका समर्थन करते हैं। हम जानते हैं कि उसके पास गुणवत्ता और क्षमता है।'

द्रविड़ ने एशिया कप के बाद से तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन पर कहा, हमें निश्चित रूप से लड़कों पर भरोसा है। जब आप उस समूह को देखते हैं जिसे हम ऑस्ट्रेलिया ले जाएंगे, तो उन सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया है, और डेथ ओवरों में भी अच्छा किया है। हमें सिर्फ अपनी क्षमताओं पर भरोसा करने की जरूरत है, और उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया में समय आने पर अपनी योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे।

## श्रीजेश, सविता ने जीता सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कार





लुसाने, 5 अक्टूबर। भारत के पीआर श्रीजेश और सविता पूनिया को बुधवार को लगातार दूसरी बार एफआईएच साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला गोलकीपर चुना गया। श्रीजेश ने अपने करियर के 16वें साल में भारत के लिए अपना महत्व दिखाते हुए एफआईएच हॉकी प्रो लीग में सभी 16 मैचों में भाग लिाय, जहां भारत तीसरे स्थान पर रहा। उन्होंने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भी सभी छह मैच खेले, जहां भारत को रजत पदक प्राप्त हुआ।

मतदान में श्रीजेश को कुल 39.9 अंक मिले, जबकि बेल्जियम के लोइक वैन डोरेन (26.3 अंक) दूसरे और नीदरलैंड के प्राइमिन ब्लाक (23.2 अंक) तीसरे स्थान पर रहे। ये वोट विशेषज्ञों (40 प्रतिशत), टीमों (20 प्रतिशत), प्रशंसकों (20 प्रतिशत) और मीडिया (20 प्रतिशत) द्वारा ऑनलाइन डाले गए थे।

श्रीजेश लगातार दो बार साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर पुरस्कार जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले डेविड हर्ट (आयरलैंड) ने 2015 और 2016 में यह पुरस्कार हासिल किया था, जबकि बेल्जियम के विन्सेंट वनाश ने 2017 से 2019 तक लगातार तीन बार इसे जीता था। श्रीजेश ने अपनी जीत पर कहा, इसमें कोई शक नहीं, यह एक विशेष पुरस्कार है क्योंकि हॉकी प्रशंसक हमें वोट दे रहे हैं। यह मेरे लिए एक बड़ा सम्मान और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। चाहे आप अपने करियर के किसी भी चरण में हों, पुरस्कार जीतना हमेशा प्रेरणा देता है। यह पुरस्कार निश्चित रूप से मुझे और सुधार करने और एक महत्वपूर्ण वर्ष में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा, जिसमें हम एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 खेलेंगे।

दूसरी ओर 32 वर्षीय सविता 37.6 अंकों के साथ मतदान में शीर्ष पर रही। अर्जेंटीना की दिग्गज बेलेन सुसी ने 26.4 के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज जोसेलिन बार्टम (16 अंक) तीसरे स्थान पर हैं। सविता ने जीत के बाद कहा, यह निश्चित रूप से एक बड़ा सुखद आश्चर्य है। मुझे यकीन है कि कई भारतीय हॉकी प्रशंसकों ने हमें वोट दिया और मैं उनमें से हर एक को धन्यवाद देती हूं।

सविता 'साल की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कार' की 2014 में स्थापना के बाद से लगातार दो वर्षों तक यह पुरस्कार जीतने वाली केवल तीसरी एथलीट हैं। सविता ने एफआईएच हॉकी महिला प्रो लीग 2021-22 में भारत को पोडियम पर पहुंचाने के लिए टीम का नेतृत्व किया और 14 मैच खेलकर 57 गोल बचाए।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने सविता की कप्तानी में ही राष्ट्रमंडल खेल 2022 में कांस्य पदक जीतकर खेलों में पदक का 16 साल का सूखा समाप्त किया। इससे पहले, भारत की युवा फॉर्वर्ड मुमताज़ ख़ान मंगलवार को एफआईएच साल का उभरता हुआ खिलाड़ी (महिला) पुरस्कार से सम्मानित की गयी थीं।

## 'स्नो टाइगर' कर्नल प्रेमचंद डोगरा का निधन

कुल्लू, 5 अक्टूबर। पर्वतारोहण की दुनिया में 'स्नो टाइगर' के नाम से जाने जाने वाले कर्नल प्रेमचंद डोगरा का निधन हो गया है। वर्ष 1977 में सबसे मुश्किल मार्ग 'द नॉर्थ ईस्ट स्पर' भारत की सबसे ऊंची चोटी कंचनजंघा के शिखर पर पहुंचने वाले वह दुनिया के पहले भारतीय थे। 'हीरो ऑफ कंचनजंघा' कर्नल प्रेमचंद के निधन से पर्वतारोहण के एक युग का अंत हो गया है। कर्नल प्रेमचंद डोगरा ने बीती रात हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में अपनी आखिरी सांस ली। ऐसा बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से बीमार थे। लाहौल के लिंडर गांव के रहने वाले प्रेमचंद जनजाति संस्कृति व परंपराओं के अग्रणी पक्षधर रहे। लाहौल की वादियों में रहकर ही उन्होंने पहाड़ों पर चढ़ ना शुरू किया, जिसमें आगे जाकर उन्हें इसमें एक अलग पहचान दी। उनके पहाड़ों के नापने के जज्बे व जूनून को देखते हुए उन्हें सेन में स्नो टाइगर के नाम से अलंकृत किया। गौरतलब है कि कर्नल प्रेमचंद डोगरा उन पर्वतारोही में से एक थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन पर्वतारोहण में समर्पित कर दिया था। कर्नल प्रेमचंद ने अपने पूरे जीवन में लगभग 30 चोटियों को सफलतापूर्वक फतह किया।

## केरल, चंड़ीगढ़ का सुब्रतो कप में विजय रथ जारी

नयी दिल्ली, 5 अक्टूबर। एमआईसी ईएमएचएसएस (केरल) ने यहां बुधवार को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज (देहरादून) को 5-0 से हराकर सुब्रतो कप अंडर-17 अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना विजय रथ जारी रखा। दूसरी ओर, राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी (चंडीगढ़ ) ने गुरुकुल (हरियाणा) को 8-0 से हराया। दिन के अन्य मुकाबलों में सीटी एचएसएस (मणिपुर) ने सेंट जेवियर्स हाई स्कूल (कर्नाटक) को 5-1 से हराया जबकि राजकीय हॉलावंग स्कूल (मिजोरम) ने गंगाधरपुर विद्यामंदिर (पश्चिम बंगाल) को 3-0 से मात दी। पिलग्रिम एचएसएस (नागालैंड) ने बम्पोथेर बेंगेनाबोरी (असम) पर 2-0 से जीत दर्ज की। सेंट एंथोनी के एचएसएस (मेघालय) ने डीसीटी वसंतराव डेम्पो एचएसएस (गोवा) को 6-1 से हराया। दिन के बड़े मुकाबलों में केन्द्रीय विद्यालय, (कोचीन, केरल) ने पाथवे स्कूल (नोएडा) को 22-0 से रौंदा जबकि एमेनिटी पब्लिक स्कूल (रुद्रपुर, उत्तराखंड) ने ज्ञानमाता हाई स्कूल (सिलवासा) को 13-0 से परास्त किया। टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जाने वाली टीमों का नाम गुरुवार के मैचों के बाद निर्धारित होगा।

## टी-20 में शीर्ष रैंकिंग के करीब पहुंचे सूर्यकुमार

दुबई, 5 अक्टूबर। भारतीय मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने अपनी आईसीसी टी20 रेटिंग में सुधार करते हुए शीर्ष रैंकिंग की होड़ को रोमांचक बना दिया है। आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी रैंकिंग के अनुसार सूर्यकुमार 838 रेटिंग पॉइंट के साथ टी20 बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर मौजूद हैं, जबकि पाकिस्तान के मोहम्मद रिज़वान 854 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले स्थान पर हैं।

सूर्यकुमार ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की हालिया टी20 शृंखला में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दो अर्धशतकों के साथ कुल 119 रन बनाये। सूर्यकुमार अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद रिजवान से सिर्फ 16 अंकों की दूरी पर हैं।

सूर्यकुमार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में 61(22) रनों की पारी खेलने के बाद कुछ देर के लिये रैंकिंग में पहले स्थान पर भी आये थे, लेकिन तीसरे टी20 में केवल



आठ रन बनाने के कारण वह बुधवार की रैंकिंग में पुनः दूसरे स्थान पर आ गये। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान सूर्यकुमार के पास शीर्ष रैंकिंग हासिल करने का एक और मौका होगा।

दूसरी ओर, रिज़वान इंग्लैंड के खिलाफ सात मैचों की हालिया टी20 शृंखला में 316 रन बनाकर सबसे सफल बल्लेबाज रहे। भारत और पाकिस्तान टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में 23 अक्टूबर को एक-दूसरे का सामना करेंगे। इसी बीच, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म नवीनतम टी20 बल्लेबाज रैंकिंग में 801 रेटिंग पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर आ गये हैं।

भारत के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल प्रोटियाज के खिलाफ दो मैचों में 108 रनों के दम पर सूची में सात पायदान की छलांग लगाकर 14वें स्थान पर पहुंच गए। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक (आठ पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर), राइली रूसो (23 पायदान के फायदे से 20वें स्थान पर) और डेविड मिलर (10 स्थान ऊपर 29वें स्थान पर) ने भी आकर्षक बढ़ त हासिल की है। भारत के अनुभवी स्पिन रविचंद्रन अश्विन ने गेंदबाजों की टी20 रैंकिंग में 28 पायदान की छलांग के साथ 20वां स्थान हासिल कर लिया है, जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 शृंखला से बाहर रहने के कारण हार्दिक पांड्या हरफनमौलाओं की रैंकिंग में एक स्थान गिरकर पांचवें स्थान पर आ गए हैं।

## राष्ट्रमंडल खेल 2026 में शूटिंग की वापसी, कुश्ती बाहर

लंदन, 5 अक्टूबर। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने बुधवार को विक्टोरिया 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिये खेल कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें शूटिंग ने वापसी की है जबकि कुश्ती को बाहर रखा गया है।

सीजीएफ, ऑस्ट्रेलिया की एंड्रयू सरकार और राष्ट्रमंडल खेल ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि तटीय रोइंग, गोल्फ और बीएमएक्स विक्टोरिया में अपना राष्ट्रमंडल खेल पदार्पण करेंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 20 खेल और 26 शास्त्र होंगे, जिसमें नौ पैरा-स्पोर्ट शामिल हैं।

राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के अध्यक्ष डेम लुईस मार्टिन ने कहा, हम 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खेल कार्यक्रम की पुष्टि करते हुए रोमांचित हैं, जिसमें विक्टोरिया 2026 द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त खेल एक विविध कार्यक्रम को पूरा करते हैं।

उन्होंने कहा खेल प्रतिस्पर्धी और रोमांच से भरपूर होने वाले हैं। खेलों में एक व्यापक, पूरी तरह से एकीकृत पैरा स्पोर्ट कार्यक्रम, कोस्टल रोइंग, गोल्फ और बीएमएक्स की शुरुआत होने वाली है जबकि शूटिंग और 33 बास्केटबॉल वापसी करेंगे।

उन्होंने कहा कार्यक्रम सीजीएफ के 2026-30 रणनीतिक रोडमैप का हिस्सा है, जो मेजबानों को नये खेलों का प्रस्ताव देने के लिए अधिक लचीलापन प्रदान करता है, विशेष रूप से विशिष्ट स्थानीय प्रासंगिकता वाले खेल जो सांस्कृतिक प्रदर्शन और सामुदायिक जुड़ाव बढ़ाएंगे।

## दूसरे एकदिवसीय मैच के टिकट छह तक मिलेंगे

रांची, 5 अक्टूबर। भारत- दक्षिण अफ्रीका के बीच झारखंड के रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में 9 अक्टूबर को होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच का टिकट कल सुबह स्टेडियम के वेस्ट गेट के पास बने काउंटर से 6 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से संध्या 4 बजे तक बिक्री होगा। जेएससीए के सचिव ने आज यहां बताया कि टिकट बिक्री के दौरान 1 बजे से 2 बजे तक लंच ब्रेक होगा। दर्शक पेटीएम के एप पर ऑनलाइन भी टिकट बुक कर सकते हैं। सचिव ने बताया कि ऑनलाइन टिकट का पेमेंट पेटीएम एप, पेटीएम इंसाइडर एप और के द्वारा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि टिकट काउंटर से एक व्यक्ति को अधिकतम 3 टिकट ही मिलेगा और इसके लिए आधार कार्ड का फोटो कॉपी देना अनिवार्य होगा।

## भारत ने फीफा अंडर-17 महिला वर्ल्ड कप के लिए टीम घोषित की

भुवनेश्वर, 5 अक्टूबर। भारत के अंडर-17 महिला टीम के प्रमुख कोच थॉमस डेनरबी ने 11 अक्टूबर से होने जा रहे फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप 2022 के लिए 21 सदस्य टीम की बुधवार को घोषणा की। भारत को अमेरिका, मोरक्को और ब्राजील के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। इसमें भारत का पहला मुकाबला 11 अक्टूबर को अमेरिका के साथ है जिसके बाद 14 अक्टूबर को मोरक्को और 17 अक्टूबर को ब्राजील के साथ टक्कर होनी है। यह तीनों मुकाबले भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में होंगे।

डेननरबी ने कहा, यह सभी के लिए एक नयी स्थिति है। भारत ने इससे पहले कभी वर्ल्ड कप नहीं खेला है। यह पूरी तरह से अलग खेल है। यह सबको दिखाने का एक अलग मौका है कि हमने पूरी तरह से तैयारी की है और हम किसी को भी अपने ऊपर हावी नहीं होने देंगे। हर कोई वर्ल्ड कप खेलना चाहता है लेकिन मैंने टीम में सर्वश्रेष्ठ 21 खिलाड़ियों को चुना है। उन्होंने कहा, जब आप मैदान पर होते हैं तो सबकुछ पीछे छूट जाता है और आपको केवल खेल पर ध्यान केंद्रित करना होता है। ये ही इन लड़कियों को करना है। मैदान पर अच्छे प्रदर्शन को महत्वपूर्ण बताते हुए डेनरबी ने कहा, हमारे लिए प्रदर्शन प्रमुख है। मुझे उम्मीद है कि लड़कियों पर ज्यादा दबाव नहीं है और वे आत्मविश्वास के साथ खेलेंगी। आपको एक ही समय पर दबाव में न रहते हुए प्रदर्शन करना है। ये वक्त है एक बेहतर खेल को खेलने का।

टीम में गोलकीपर के रूप में मोनालिसा देवी मोइरंगथेम (1), मेलोडी चानू कीशाम (13) और अंजलि मुंडा (21) को रखा गया है। डिफेंडर्स के तौर पर अस्तम उरांव (5), काजल (20), नकेता (3), पूर्णिमा कुमारी (2), वार्शिका (19) तथा शिल्की देवी हेमम (4) को रखा गया है।

21 सदस्य टीम में मिडफिल्डर्स के लिए बबीना देवी लिशम (6), नीतू लिंडा (17), शैलजा (15) और शुभांगी सिंह (16) को चुना गया है। फॉरवर्ड के तौर पर अनीता कुमारी (11), लिंडा कॉम सर्टो (9), नेहा (7), रेजिया देवी लैशराम (18), शेलिया देवी लोकतोंगबम (12), काजोल ह्यूबर्ट डिसूजा (8), लावण्या उपाध्याय (10) और सुधा अंकिता तिर्का (14) शामिल हुए।

## 15वें खिलाड़ी के बिना ऑस्ट्रेलिया जायेगी भारतीय टीम

### चोटग्रस्त जसप्रीत बुमराह के स्थान पर अभी किसी खिलाड़ी का चयन नहीं किया है

मुंबई, 5 अक्टूबर। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप 2022 की 15-सदस्यीय स्क्वाड में 15वें खिलाड़ी के बिना ही ऑस्ट्रेलिया के लिये रवाना होगी। क्रिकबज ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रीय चयनकर्ता और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने चोटग्रस्त जसप्रीत बुमराह के स्थान पर अभी किसी खिलाड़ी का चयन नहीं किया है और वे मोहम्मद शमी के पूर्णतः स्वस्थ होने का इंतजार करेंगे। क्रिकबज ने कहा कि भारतीय टीम कुल 18 खिलाड़ियों के साथ छह अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के लिये रवाना होगी, लेकिन आधिकारिक स्क्वाड में 15वें खिलाड़ी को फिलहाल नामित नहीं किया जायेगा। मोहम्मद शमी इस समय कोरोना से उभर रहे हैं और उन्हें बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में तलब किया गया है। भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने शमी के स्वास्थ्य के बारे में कहा था, हम इसे देख रहे हैं। हमारे पास 15 अक्टूबर तक का समय है। शमी हमारे अतिरिक्त खिलाड़ियों में शामिल हैं। दुर्भाग्यवश वह इस (दक्षिण अफ्रीका) शृंखला में नहीं खेल सके। यह उस दृष्टिकोण से हमारे लिये आदर्श होता, लेकिन वह इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं।

## द. अफ्रीका के खिलाफ खिलाड़ियों के लिए विश्व कप 2023 की दावेदारी पेश करने का मौका

लखनऊ, 5 अक्टूबर। भारतीय टीम के युवा खिलाड़ियों के पास दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला में खुद को साबित करने का एक और मौका होगा।

यह खिलाड़ी इससे पहले वेस्ट इंडीज और जिम्बाब्वे में भी एकदिवसीय शृंखलाएं जीतकर आ चुके हैं, जिसने निश्चित ही इन्हें आत्मविश्वास दिया होगा। शिखर धवन की कप्तानी में भारत ने वेस्ट इंडीज और ज़िम्बाब्वे दोनों को 3-0 से क्लीन स्वीप किया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका जैसी बड़ी टीम के खिलाफ यह एकादश पहली बार खेलने उतरेगा।

पिछली दोनों शृंखलाओं में बल्ले से रन बरसाने वाले शुभमन गिल इस सीरीज के लिये टीम में वापस आ रहे हैं। शुभमन ने अपना आखिरी मैच ज़िम्बाब्वे के साथ खेलते हुए 130 रन बनाये थे और वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी अपनी फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे।

कप्तान और सलामी बल्लेबाज धवन ने भी भारत में होने वाले आईसीसी विश्व कप 2023 के लिये टीम में जगह बनाने की अपनी मंशा जाहिर कर दी है। इस लिहाज से यह तीन मैच उनके लिये महत्वपूर्ण होंगे। शिखर ने पिछले एक साल में इंग्लैंड, वेस्ट इंडीज और जिम्बाब्वे में खेली गयी एकदिवसीय शृंखलाओं में नियमित रूप से रन बनाये हैं, हालांकि उनका स्ट्राइक रेट रोज़ाना बदलते तेजरफ्तार खेल के अनुरूप नहीं है। रजत पाटीदार और मुकेश सिंह ने घरेलू क्रिकेट से अपना रास्ता तराशते हुए भारतीय स्क्वाड में जगह बनाई है, और यदी वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते हैं तो उनके पास बड़े मंच पर अपना लोहा मनवाने का अवसर होगा।

रजत पाटीदार पिछले छह महीने में आईपीएल फाइनल और रणजी ट्रॉफी फाइनल में शतक जड़ने के बाद न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट मैच में भी शतक जड़ चुके हैं। शतकवीर पाटीदार यदि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह भारत की मुख्य टीम में आने के मजबूत दावेदार बन जाएंगे।

दूसरी ओर, मुकेश सिंह रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में पांच विकेट लेने के बाद न्यूजीलैंड-ए के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। वह अपने प्रदर्शन के आधार पर डेथ ओवरों में जूझती भारतीय टीम के लिये एक अच्छे विकल्प बन सकते हैं।

## इकाना अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में टिकट को लेकर अव्यवस्थायें उजागर

लखनऊ, 5 अक्टूबर। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला एकदिवसीय मुकाबला खेला जाना है लेकिन मैच से पहले इकाना स्टेडियम की अव्यवस्था सामने आई है। लखनऊ में हो रही मूसलाधार बारिश के बावजूद लोग घंटों स्टेडियम के बाहर टिकट के लिए लाइन में लगे हैं लेकिन फिर भी उनकी समस्याएं कम नहीं हो रही। लोगों का कहना है कि पहले ऑनलाइन टिकट बुक किया कन्विनिएंस फीस के नाम पर एक्स्ट्रा पैसा भी दिया, उसके बावजूद स्टेडियम की तरफ से यह मैसेज आता है की बॉक्स ऑफिस पर आकर ही टिकट लेना अनिवार्य है। घंटों लाइन में लग कर जब काउंटर पर पहुंचते हैं। तब कहा जाता है कि टिकट की फोटो कॉपी और आधार कार्ड लेकर आइए तभी टिकट मिलेगा। ऐसे में सवाल ये है कि ऑनलाइन टिकट बुक कराने का मतलब क्या है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाए कि पहले मैसेज आया कि मैच के दिन अपराह्न 11 बजे तक टिकट काउंटर से टिकट मिलेगा लेकिन आज एकाएक मैसेज आता है कि टिकट सिर्फ आज ही मिलेगा।


